# <u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# हिन्दुस्तान कॉलेज के वार्षिकोत्सव ज्ञान ज्योति 2019 का रंगारंग शुभारम्भ

## <u>आगरा जोन के डीआईजी श्री लव कुमार, पूर्व सचिव सेवानिवृत–आई.ए.एस, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार के सुशील चन्द्र त्रिपाठी एवं श्री विनोद कुमार अग्निहोत्री कन्सल्टिंग एडीटर, अमर उजाला ने किया उद्घाटन</u>

शारदा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का प्रतिष्ठित कॉलेज हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइन्स एण्ड टेक्नोलॉजी अपना वार्षिक समारोह ‘‘ज्ञान ज्योति–19’’ बहुत धूम–धाम से मना रहा है। ज्ञान ज्योति का शुभारम्भ हिन्दुस्तान कॉलेज के भव्य प्रेक्षाग्रह एपीजे अब्दुल कलाम ऑडीटोरियम में दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती वंदना के सस्वर पाठ के उपरांत हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीआईजी श्री लव कुमार एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व आईएएस, सचिव सेवानिवृत, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय भारत सरकार एवं श्री विनोद कुमार अग्निहोत्री कन्सल्टिंग एडीटर, अमर उजाला रहे।

सर्वप्रथम ज्ञान ज्योति 2019 के के समन्वयक डॉ. संजय जैन ने सम्पूर्ण समारोह के लगभग 40 कार्यक्रमों एवं स्पर्धाओं का विस्तृत विवरण दिया तथा संस्थान के अलावा आस–पास के अन्य संस्थानों के छात्र–छात्राओं द्वारा विभिन्नि प्रतिस्पर्धओं में प्रतिभाग करने के लिए पंजीकृत छात्र–छात्राओं की संख्या का विवरण देते हुये बताया कि लगभग 1 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने इस समारोह की विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभाग करने हेतु पंजीकरण कराया है एवं इन प्रतियोगिताओं में बाहर के संस्थानों से आमंत्रित निर्णायक मण्डल को आमंत्रित किया गया है।

संस्थान के निदेशक डॉ राजीव कुमार उपाध्याय ने उद्घाटन समारोह में पधारे सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छों से स्वागत कराया तथा गत वर्ष के वार्षिक उत्सव के बाद से अब तक संस्थान द्वारा हासिल उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया और बताया कि आगरा–मथुरा क्षेत्र के सभी संस्थानों में यह संस्थान किन उपलब्धियों के कारण अपनी विशेष पहचान एवं श्रेष्ठता हासिल किये हुये हैं तथा संस्थान का समाजोत्थान के लिए क्या योगदान हैं और भविष्य में क्या–क्या करने का खाका तैयार कर रखा है जिसके जरिये संस्थान नई ऊँचाइयों को हासिल कर सके। उन्होंने 2018 में अखिल भारतीय स्तर पर GATE परीक्षा में अब तक के सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बायोटेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग

के छात्र सर्वांशु सक्सैना ने AIR-10 तथा कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के छात्र अचिन चौधरी AIR-22 प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि ए.के.टी.यू. की प्रथम सेमेस्टर परीक्षा में 11 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक एवं सप्तम सेमेस्टर परीक्षा में 32 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। कम्प्यूटर साइंस विभाग की छात्रा सारिका धरमानी ने 95.5 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम वर्ष के सभी शाखाओं में अव्वल रहीं। उन्होंने इस वार्षिक समारोह के सफल आयोजन के लिए छात्रों की आयोजक समिति एवं शिक्षकगणों के योगदान की भी भूरि–भूरि प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित किये गये गणमान्य व्यक्तियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि संस्थान में डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी, डिपार्टमेंट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी, सीएसआईआर के अनेक फंडिड परियोजना चल रही हैं या पूरी हो चुकी हैं। फरवरी माह में बायोटेक्नोलॉजी विभाग द्वारा कराई गयी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का जिक्र करते हुये इस सम्मेलन में 13 देशों के विषय विशेषज्ञों ने अपने शोध कार्य प्रस्तुत किये तथा अनुभव साझा किया।

शारदा ग्रुप कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रो. वी.के.शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुये कहा कि विगत 19 वर्षों से हमारा संस्थान लगातार वार्षिक समारोह ज्ञान ज्योति सफलता पूर्वक आयोजन कर रहा है। इस समारोह में छात्र अपने कौशल का प्रदर्शन करते हैं तथा प्रबधंन की विधायें सीखते हैं। उन्होंने छात्र–छात्राओं को अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा शुभकामनायें प्रेषित की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आगरा जोन डीआईजी श्री लव कुमार ने अपने सम्बोधन में बताया कि जीवन में सफल होने के लिए अनुशासन, संयम तथा कठिन मेहनत अत्यधिक आवश्यक है। भावी इंजीनियर्स इसी प्रकार के उत्सवों को प्रबंधित कर प्रबंधन के नुस्खे सीख सकते हैं और भविष्य में जहाँ भी वह अपनी सेवायें देंगे एक टीम भाव पैदा कर उस संगठन को सफलता के मार्ग पर ले जायेंगे साथ ही इस तरह के कार्यक्रम प्रबंधन से उपलब्ध धन एवं संसाधन से अपनी परियोजनाओं का प्रबंधन सीख कर आगामी जीवन में सफल हो सकते हैं। उन्होंने छात्र–छात्राओं से आग्रह किया कि मनोरंजन के साथ–साथ प्रबंधन कौशल भी विकसित करें। छात्रों के साथ अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभवों को साझा किया। उन्होंने छात्रों को एक अच्छा नागरिक बनकर समाज एवं देश सेवा में तत्पर रहने के लिए आवाहन किया तथा कहा कि इस प्रकार के आयोजनों का हमें भरपूर आनंद उठाना चाहिए।

कार्यक्रम में श्री विनोद कुमार अग्निहोत्री कन्सल्टिंग एडीटर, अमर उजाला ने अपने सम्बोधन में कहा कि वर्तमान परिदृश्य में इस प्रकार के तकनीकी आयोजनों का देश के विकास में अत्यधिक योगदान है। इनके द्वारा छात्र–छात्राओं में अध्ययन के साथ–साथ वर्तमान में प्रयोग होने वाली तकनीकी को नयी उन्नतशील तकनीकी में परिवतर्तित करने के अवसर प्राप्त होते हैं। आज हर क्षेत्र में हमें अत्याधुनिक तकनीकी की जानकारी होना

अति आवश्यक है जिससे कि हम देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। इसके साथ ही उन्होंने छात्र–छात्राओं को ज्ञान ज्योति 2019 में उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री सुशील चन्द्र त्रिपाठी, पूर्व आईएएस, सचिव सेवानिवृत भारत सरकार ने अपने सम्बोधन में अपने विद्यार्थी जीवन के अनुीावों को साझा करते हुये कहा कि हमारे समय में इस प्रकार के तकनीकी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं किया जाता था। इस समय देश में तकनीकी क्षेत्र में बहुत महत्वपूर्ण मुकाम हासिल किया है और देश को आप सभी से बहुत अपेक्षायें हैं। आप को सीखना चाहिये कि हम अपनी कक्षा में प्राप्त किये गये ज्ञान को वास्तविक जिन्दगी में तकनीकी परियोजनाओं में कैसे परिवर्तित कर सकते हैं। आगे उन्होंने कहा कि हमारी सीखने की प्रक्रिया आनंद पूर्वक ज्ञानात्मक, कौशल ज्ञान पूर्ण होनी चाहिए। बहुत सारे लोग अपने कार्य में कुशल तो होते हैं लेकिन उनके पास उस कौशल के अनुसार डिग्री नही होती है। हमें चीजों को कैसे करना चाहिए ये तो पता होना ही चाहिए तथा उसके पीछे के विज्ञान को भी जानना चाहिए कि ऐसा क्यों हो रहा है।

समारोह के अंत में धन्यवाद ज्ञापन संस्थान के डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. संदीप अग्रवाल ने किया तथा कार्यक्रम का सफल संचालन सिविल इंजीनियरिंग के द्वितीय वर्ष के छात्र बुनशान अहमद एवं कम्प्यूटर साइंस विभाग के द्वितीय वर्ष की छात्रा रिशिका जैन तथा आई टी द्वितीय वर्ष के छात्र एडम सिराज एवं कम्प्यूअर साइंस की प्रथम वर्ष की छात्रा श्रुति ने किया।

इस अवसर पर विशेष आमंत्रित गणमान्य व्यक्तियों में शारदा ग्रुप के शोध एवं विकास सलाहकार डीजीरॉय चौधरी, आनंद कॉलेज के निदेशक डॉ. शैलेन्द्र सिंह, आनंद कॉलेज ऑफ एजूकेशन के निदेशक डॉ. पी.के.सिंह, डीन टी एण्ड पी श्री सुदीप्तो चौधरी, डीन फैकल्टी डॉ. हरेन्द्र सिंह, डॉ. ममता शर्मा, डॉ. वी. के. गुप्ता, असिस्टेंट डीन अकेडमिक श्री विजय कट्टा, निदेशक शारीरिक शिक्षा डॉ. राजेश कहरवार, श्री कपिल गुप्ता, डॉ. आर. के. तिवारी, श्री पुनीत मंगला, श्री अनुराग वाजपेयी, डॉ. सुरूचि, श्री मुनीश खन्ना, श्री शंकर ठाकर, श्री प्रमोद कुमार, डॉ. रिचा कपूर, श्री नरेश ढीगरा, श्री मनीष गुप्ता, कुलसचिव डॉ. अमित सक्सैना, डॉ. पंकज खन्ना, हॉस्टल के समस्त वॉर्डन्स सहित सभी विभागों के शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं छात्र–छात्रायें आदि उपस्थित थे।